[illegible] और [illegible] गाढ़ी [illegible] [illegible]
(खुरचन) [illegible] [illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]

यह खुरचन मथुरा की प्रसिद्ध है ॥

मेवे के दहीबड़े ।

उर्द की दाल को रात को भिगो दे सबेरे मल के धो
छील के साफ कर सिल लुढ़िया से पीस पिट्ठी बनावे। पीठी
ही में लालमिर्च, काली मिर्च, धनिया, जीरा, अदरक डाल
पीठी खूब महीन पीसे। मिट्टी, रांगा या पत्थर की एक पथरी
में पानी भर उसमें अन्दाज से पीसा हुआ नोन डाल के पास
रख ले और थोड़ा सा पानी दूसरे कटोरे में पास रख ले फिर
पीठी का छोटा २ पेड़ा बना हथेली पर एक टुकड़ा केले का
पत्ता रख उस पर पीठी के पेड़े को धर फैला किशमिश
महीन छिला गोला, चिरौंजी, साफ किया हुआ बादाम का
कतरन या टुकड़े काली मिर्च इन्हें मिला एक चुटकी उस पर
छोड़े फिर उसी जोड़ का दूसरा पीठी का पेड़ा बना ऊपर
धर दोनों पेड़ों को जोड़ धीरे २ ऐसा फैलावे जिसमें मेवा
बाहर न निकले। पानी का हाथ लगा लगा के पेड़े को बढ़
कढ़ाई में घी डाल तल तल के उस बासन में छोड़ता जा

जिसमें पहिले से नोन का पानी तैयार है जब सब तैयार हो जाय तब उसे तो भींगने दे और दही (जो खट्टी न हो) गाढ़े पानी में खूब मथ के कपड़े में छान उसी में बड़ों को लपेट ले।

बड़ी लायची ६ दाने, काली मिर्च, जीरा और नोन को खूब बारीक पीस ऊपर से भुरभुरा देवे॥

चटनी।

नौरतन।

पुदीने की पत्ती सूखी, अदरक, मिर्चा, गुड़, अमचुर, लहसुन का छीला हुआ जवा, हींग आधी कच्ची आधी पक्की, जीरा आधा कच्चा आधा पक्का, धनिया, नमक पीसा हुआ, सिरका डाल कर सब चीज पीस डाले॥

मसालेदार चटनी।

धनिया २), पुदीना सूखा १), हींग २ माशा, सोंठ १ माशा, बड़ी लायची ६ माशा, दोनों जीरा ४ माशा, लाल मिर्चा १), काली मिर्च ३ माशा, अदरक का अर्क २), चूक २), कागजी नीबू का अर्क ५), अनार दाना खट्टा २), दारचीनी ६ माशा। सब चीजों को महीन पीस अर्क अदरक और नीबू में तर कर पीछे से चूक मिला के सुखा डाले। जब खाना हो तब नीबू के अर्क या पानी से पतली कर ले॥

आम की चटनी।

कच्चा आम ऽ१, किशमिश ऽ॥, छीली हुई बादाम की

गिरी ऽ।, छोआरा ऽ।, खजूर ऽ।, अंगूर ऽ-, लाल मिर्च ऽ॥, अदरक ऽ॥, लहसुन का गब्बा ऽ।, किसी चीनी या कांच के बासन में रख, दो बोतल उम्दा सिरका डाल धूप में रखना॥

दूसरी विधि।

कच्चा आम ऽ।
शक्कर ऽ=
धनिया २)
लौंग)२
लायची २ मा०
काली मिर्च)४
लाल मिर्च)१
नमक)६

पहिले आम को भूभल में भून के छिलका गुठली साफ कर सब मसाला मिला पीस लो॥

कच्चा आम ऽ५ पहिले छील डालो फिर सिल पर पीस लो उसके बाद मोटे कपड़े में रख निचोड़ डालो॥

डेढ़ पाव सुफेद चीनी की चाशनी कर उसमें आम और यह मसाला डाल के पका लो॥

फिर अन्दाज से सौंफ, नमक, हींग, लौंग, लायची, लाल मिर्च, अदरक इन सब को पीस के डाल पांच मिनट कढ़ाई में रख निकाल लेना॥

खटमिट्ठी चटनी।

पक्की इमली ऽ।
चीनी ऽ।
अर्क नीबू कागजी २)
लौंग)२ मा० लाल मिर्च १)
दोनों जीरा)८
धनिया २)
नोन २)
लायची)२

पहिले इमली के बीज साफ कर नीबू के रस में पीसना फिर अलग २ मसाला पीस के मिलाना॥

चटनी टमाटम।

इमली ऽ१	लहसुन ऽ॥
अदरक ऽ।	चीनी ऽ-
लाल मिर्च ऽ॥	सिरका ऽ।
किशमिश ऽ।	वलायती बैगन ऽ१
साफ की हुई बादम की गिरी ऽ॥	

पहिले बैगन को बिना पानी डाले उबाल के गला लेना। इतना पकाना कि उसका पानी भर जल जाय पर वह हलुआ न हो तब और सब चीजों को सिरके में पीस के उसमें मिला बासन का मुंह बांध एक महीना धूप में रक्खे॥

चटनी सवादी व हाजमा।

छोटी लायची के दाने))६	लाल मर्चा))२
छोटी पीपल))२	पुदीना))२
अदरक १))	बंसलोचन))३
खट्टा अनार दाना २))	केसर))१
अजवाइन))३ मा०	लाल प्याज १))
लौंग))४	कागजी नीबू ४ अदद
सोंठ बैतरा))६	अर्क नाना ऽ-
चीता))८	जरिश्क))२
काली मिर्च))६	नमक, हींग अन्दाज से

अनानास की चटनी।

अनानास में सबसे बढ़ के काम है छीलना। इसकी तरकीब यह है कि अधपका अनानास लेके तेज छुरी से मोटा छिलका

छीलो और उसमें जितनी आँखें होती हैं उन्हें छुरी के नोक से गढ़ा कर कर निकाल लेना । तब छोटे २ उसके टुकड़े बना लो ।

कड़ाई में तेल चढ़ा दो जब तेल पक जाय तब उसमें लाल मिर्चा, सरसों, मेथी, तेजपात छोड़ दो और भून डालो उसके बाद अनानास के कतले छोड़ कलछी से हिला डुला दो जब वह दबाने से नरम हो जाय तब उसमें हलदी, धनिया और अन्दाज से नोन डालो जरासी चीनी भी छोड़ो और खूब चलाओ जब तैयार हो जाय उतार लो ॥

आलूबुखारे की चटनी ।

आलूबुखारे का गूदा ऽ।।।　　　चीनी सुफेद ऽ≡
साफ की हुई किशमिश ऽ≡　　　नोन १।।)

पहिले आलूबुखारे को पथरी में पानी डाल के भिगो रक्खो पाव घंटे के बाद मल के गूदा निकाल लो । किशमिश पानी में धो के साफ कर लो ॥

आम की पकौड़ी ।

आम ऽ१　　मिर्च))६　　बेसन ऽ।।　　दोनों जीरा
लौंग))८　　नमक २))　　लायची))८ मा०

पहिले आम को भूभल में पका छिलका गुठली निकाल गूदा पानी में घोले उसी में सब मसाला मिलावे फिर बेसन की पकौड़ी तल के उसमें भिगोवे ॥

तरकारी प्रकरण।

आलू।

आलू १ सेर, घी १ पाव, दारचीनी ४ माशा, लौंग ३ माशे दोनों लायची के मिले दाने ४ माशे, हल्दी पीसी ३ माशे, काली मिर्च ४ माशे, लाल मरचा २) तोला, अदरक २ तोला, दोनों जीरा २ माशा, नमक पीसा २ तोला, प्याज छीला आध पाव॥

चाहे कच्चा आलू रहने दे, या पानी में उबाल के छील डाले अथवा भाड़ में भुनवा के छील डालो॥

पहिले देगची को आग पर चढ़ावे गरम होने के उपरांत घी डाले जब घी खोलने लगे तब उसमें प्याज छोड़े, फिर छीले आलू छोड़ के हल के हाथ से भूने उसके उपरान्त मसाला डाल के भूने और ऊपर से दही डाल नरम आंच में रख के पकाओ॥

* दूसरी तरकीब यह है कि सब मसाले को पानी में पीस डालो और एक बासन में रख आग पर चढ़ा दो एक उबाल आने पर भूने आलू में छोड़ दो॥

कितने लोग मसाले के साथ जरासा भीगा हुआ चावल भी पीस के मिलाते हैं परन्तु यह सखरा होता है॥

तरकारी भिण्डी।

(रामतरोई)

पहिले भिण्डी के ऊपर के ढटुरे को कतर के फेंक दो फिर महीन छुरी से उसके पहल पर जरा जरा चीर दो। बटये में अन्दाज का घी डाल के भिण्डी के टुकड़ों को भूनो

जिससे लासा मिट जाय तब दही
और नीबू का अर्क छोड़ो
और मसाला छोड़ धीमी आंच पर रक्खो॥
यदि रसेदार न बनानी हो तो कढ़ाई या तवे पर घी डाल
के भिण्डिओं के टुकड़ों को तल ले और नोन मिरचा मिला दे॥

कलौंजी।

भिण्डी १ सेर उनका पेट चीर उनसें यह मसाला डाले—
अमचुर ५ तोला, लाल मिर्चा ९ माशा, सौंफ ५ तोला,
अदरक २ तोला, धनिया ३ तोला, लौंग इलायची ६ माशा
दोनों जीरा २ माशा इन सब को पीस के भिण्डी के भीतर
भरे। बटवे में डेढ़ पाव घी डाल कर हींग, दारचीनी, तेज-
पात का तड़का दे भिण्डी छौंक दे और नोन, हल्दी डाल के
दम पर रख दे गल जाय उतार ले॥

जिमींकन्द।

सूरन।

जिमींकन्द की तरकारी यदि बन पड़े तो बड़ी ही स्वाद
होती है परन्तु जो न बन पड़ी तो बड़ी ही दुःखदाई होती है।
कई पुस्तकों में कई प्रकार की विधि पढ़ी और लोगों को
बनाते भी देखी परन्तु उन बिधानों से ऐसी नहीं बनती कि
कुछ भी मुंह सें न लगे परन्तु यह जो क्रिया लिखी जाती है
अनुभूत और बड़ी ही उत्तम है॥
जहां तक मिले चिपटी और बड़ी चकिया लेना इसमें
लाल रङ्ग और अधिक पूती वाला खराब होता है जिसका
रंग कुछ काला हो अधिक पूती न हो और भारी हो वही

लम होता है। पहिले यदि हो सके तो जमीकन्द को कहीं, सी जगह रख दे जहां धूप लगती हो महीना दो महीना हां रहने दे, और फिर उस पर दो तीन तह कपड़ा और मिट्टी चढ़ा के सुखाले जब मिट्टी सूख जाय तब भड़भूंजे की भाड़ में भुना ले जब ऊपर की मिट्टी लाल हो जाय तो ला के मिट्टी साफ करले और धो के जिमीकन्द को छील कतले बना ले और फिर बटवे में घी डाल के जमीकन्द के टुकड़ों को भून ले और गरम मसाला, हल्दी, नोन घोल के छोड़ दे जब तैयार हो जाय तब दही छोड़ अङ्गारों पर रख उतार ले॥

एक बिधी यह भी है कि जिमीकन्द को छील के छोटे २ टुकड़े बना के धूप में डाल दे जब उसका रस सूख जाय तब घी में तल के मसाला डाल बटवे में पका ले॥

दूसरी विधि यह भी है कि पक्की ईंट के टुकड़े और छीले हुए जिमीकन्द के टुकड़ों को बटवे में भर आग पर चढ़ादे जब टुकड़े गल जायँ तब निकाल के पूर्ववत तरकारी बनाले। यदि भरता बनाना हो तो गले हुए टुकड़ों में राई, नोन, मिर्च और तेल मिला के बनाले और जो सूखा रखना हो तो घी में तल ले और नोन मिर्च मिला ले॥

कचनार की कली।

पहिले कलियों को खोल के साफ कर ले क्योंकि किसी किसी में उसी रङ्ग के बहुत महीन कीड़े होते हैं। याद साफ करने के बटुये में उबाल के पानी फेंक दे और बटुये में बघार दे के कली छोड़ दे और भून के हल्दी, नमक तथा गरममसाला

[illegible] दे। थोड़ी देर [illegible] फिर [illegible]
[illegible] ॥

प्याज की तरकारी ।

छिलका सहित प्याज [illegible], पानी [illegible], पावभर [illegible]
१ छटांक ॥

पहिले प्याज का छिलका साफ करके टुकड़े बना ले। पावभर खार को महीन पीस डाले और पानी में पावभर खार [illegible] एक पहर रखे भिगो दे, कुछ देर के बाद गर्म पानी में प्याज डाल [illegible] थोड़ी देर में [illegible] दे। फिर गर्म पानी [illegible] पानी में [illegible] के प्याज के उतार कर नोन, खार [illegible] टुकड़े खूब धो डाले फिर उबाला हुआ आलू मिला दही, गरम मसाला डाल तरकारी बनावे। यह बड़ी स्वादिष्ट तरकारी होती है और प्याज की जरा भी गन्ध नहीं रहती और न जल्दी पहिचानी जाती है ॥

केवल मेथी का साग मिला के करने से भी बू नहीं रहती॥

करमकल्ले की तरकारी ।

पहिले करमकल्ले को साफ कर महीन तराश डाले और फिर हींग और जीरा का बघार देके छौंक दे और ऊपर से नोन गरममसाला और दही डाल के मुंह ढांक के आग पर रहने दे फिर थोड़ी देर में उतार ले ॥

शलगम ।

पहिले शलगम को छील घना कर मेथी में भून ले और तब ऊपर से हल्दी, धनिया, दोनों जीरा, दारचीनी, लौंग,

मूली की रसेदार पकौड़ी।

अच्छी कोमल मोटी मूली का मोटा छिलका उतार घीआकस में घिस पानी डाल कर उबाल ले फिर खूब निचोड़ के पानी निकाल डाले और चने के निराालिस बेसन को पानी में घोल उसमें इस मूली को डाल दे और कढ़ाई में घी डाल इसकी छोटी २ पकौड़ी उतार ले फिर बटुए में हींग, मिर्च का छौंका डाल, पानी में पीसा गरम मसाला और नोन डाल ढांक दे जब मसाला खूब पक जाय उसमें पकौड़ी डाल दे और ऊपर से दही डाल अङ्गारों पर थोड़ी देर रख के उतार ले॥

मूली की मसालेदार पकौड़ियां।

मूली १ सेर को कद्दूकस में निकाल ले यदि उसमें कोई टुकड़ा मोटा निकले तो पत्थर के चकले पर रख चाकू से खूब महीन करले और तब सब को एक कपड़े में पोटली बांध के लटका दे और उसका पानी टपका के फेंक दे॥

भूना हुआ चने का बखता ताजा ≤ लेके पीस डाले और उसमें ये मसाले मिलावे :—

हरदी १२ माशा, लहसुन १), प्याज आध पाव, नमक पीसा १), काली मिर्च २ माशा, इलायची बड़ी के दाने २ माशा, दारचीनी २ माशा, लौंग २ माशा। साथ ही मूली भी मिला के गोली अन्दाज की बनावे॥

पाव भर घी आग पर कढ़ाई में चढ़ावे जब घी गरम हो जाय तब उसमें कतरा हुआ प्याज छोड़ के खूब भून प्याज निकाल डाले और धीमी आंच में सावधानी से गोलियां भूने

पानी छोड़ ढांक दे, जब गल जाय और पानी सूख जाय तो उतार ले ॥

करेले की कलौंजी ।

करेले को दो दो टुकड़े कर ले और ऐसा दो फांक करे कि अलग न हो। उसमें से बीया निकाल ले और उसमें नीचे लिखा मसाला पीस के भरे और ऊपर से कच्चा सूत लपेटे अथवा खरके गोद दे जिसमें हिलाने से मसाला न गिरे। मसाला यह है :—

काला जीरा, सुफेद जीरा, धेला धेला भर हो तो धनिया पाव छटांक, सोंठ १)), सौंफ २)), काली मिर्च दो पैसे भर, जायफल १ माशा, जावित्री १ माशा, बड़ी लायची ८ दाना, नोन २॥ तोला, अमचूर चूरा २॥ तोला, हींग चार रत्ती इन सब को पीस डाले।

बटुवे में आध पाव घी छोड़ हींग दो रत्ती डाल दे जब तड़का हो जाय तब भरे करेलों को छौंक दे और भरने से जो मसाला बचा हो उन्हें ऊपर से डाल दे और सड़सी से बटवा पकड़ खूब हिलावे जिसमें करेले उलट पलट हो जावें। फिर एक कटोरे में पानी भर बटुवे के ऊपर रख दे गरम हो जाने पर थोड़ा २ पानी छोड़ता जाये और थोड़ी २ देर में सड़सी से बटवा पकड़ करेले को [illegible] जाय पर बटुवे के भीतर कोई चीज कलछी [illegible] ले। जब करेले सीझ जायें तब उतार ले ॥

मूली की रसेदार पकौड़ी।

अच्छी कोमल मोटी मूली का मोटा छिलका उतार कस में घिस पानी डाल कर उबाल ले फिर खूब निचोड़ नी निकाल डाले और चने के निखालिस बेसन को में घोल उसमें इस मूली को डाल दे और कढ़ाई में ल इसकी छोटी २ पकौड़ी उतार ले फिर बटुए में हींग, का छौंका डाल, पानी में पीसा गरम मसाला और नोन छौंक दे जब मसाला खूब पक जाय उसमें पकौड़ी डाल दे ऊपर से दही डाल अङ्गारों पर थोड़ी देर रख के उतार ले॥

मूली की मसालेदार पकौड़ियां।

मूली १ सेर को कद्दूकस में निकाल ले यदि उसमें कोई मोटा निकले तो पत्थर के चकले पर रख चाकू से खूब करले और तब सब को एक कपड़े में पोटली बांध के दे और उसका पानी टपका के फेंक दे॥

भूना हुआ चने का बेसन ताजा ऽ= लेके पीस डाले और ये मसाले मिलावे :—

हल्दी १२ माशा, लहसुन ९), प्याज आध पाव, नमक ।), काली मिर्च २ माशा, इलायची बड़ी के दाने २ माशा, सौंफ २ माशा, लौंग २ माशा। साथ ही मूली भी मिला ली अन्दाज की बनावे॥

पाव भर घी आग पर कढ़ाई में चढ़ावे जब घी गरम हो उसमें कतरा हुआ प्याज छोड़ के खूब भून प्याज भूने

सेम के बीज की कढ़ी पकौड़ी।

हरे सेम के बीज मिल पर पीठी के ऐसा पीसे फिर धनिया, काली मिर्च, हींग मिला थोड़ी तो पकौड़ी बनाले बाकी दही में उसी पीठी को घोल कढ़ी बनावे यह भी बड़ी स्वाद होती है और पकौड़ी बड़ी खस्ता होती हैं॥

खाली घी में तले बीज भी बड़े स्वादिष्ट होते हैं। आलू की तरकारी में अथवा बैंगन के साथ भी अच्छे होते हैं॥

रतालू।

कोमल रतालू धो के छील के छोटे २ टुकड़े बनाले और बटवे में हींग, जीरे और मिर्च का छौंकादे घी अधिक रक्खे फिर इन मसालों को पानी डाल के पीसे :—

दोनों जीरा, बड़ी लायची के दाने, जावित्री, सोंठ, धनिया, काली मिर्च, हल्दी जब इन मसाले को पीसले तब रतालू के टुकड़ों में मसाला मिला छौंक दे और भून कर बटवा ढांक दे थोड़ी देरी के उपरान्त थोड़ी दही डाल के मध्यम आंच पर रख दे और उतारने से कुछ पहिले अमचूर डाल दे थोड़ी देर आंच पर रख उतार ले॥

इसी प्रकार से सेंगरी सेंगर, बथुआ, गोभी, खरबूजा, मटर की फली आदि साग भी बनावें॥

नारियल की मीठी पूरी, रोटी या पराठा।

इसके बनाने की दो विधी हैं एक तो यह कि अच्छी ताजी नारियल की गिरी को महीन सुरथ या महीन कतले बना पत्थर के खल में कूट डाले और फिर कपड़े में रख

ओर पीछे से कपड़े की बँधी दही छोड़ कुछ देर आंच देकर उतार ले ॥

मूँग की।

मूंग के दाल की पीठी १ सेर, दही आध सेर, दारचीनी २ माशा, लौंग, इलायची चार चार माशे, हल्दी २ माशे, अदरक का लच्छा १ छटांक, लाहौरी नोन ३ तोला, प्याज १ पाव, लहसुन २ तोला ॥

पहिले पीठी में आधा मसाला मिला के घी में पकौड़ी तले उसके बाद घी में प्याज तल के प्याज निकाल ले और उसी घी में बचा हुआ मसाला डाल के पकौड़िओं को छोड़ ऊपर से दही छोड़ के दम पर रख दे ॥

उरद की।

धोये उरद का आंटा १ सेर, घी १ पाव, दारचीनी १ माशा, लौंग १ माशा, अदरक ६ माशा, काली मिर्च २ माशा, प्याज १ छटांक, हल्दी ५ माशा, नमक १ तोला ८ माशा, पान १० पत्ते।

पहिले आंटे में अदरक का अर्क नमक और आधा मसाला पीस कर मिलावे और पानी से गूंधे इसके बाद गूंधे हुए आंटे में अदरक का अर्क नोन और आधा मसाला मिला के तथा कद्दूकस की निकाली मूली उबाल निचोड़ उसी आंटे में मिला कर घी में पकौड़ी या सकरपारा तलले फिर दूसरा घी चढ़ा अथवा उसी घी में प्याज तल के निकाल ले और दही में घोल के आधा मसाला जो बचा हुआ है डाल दे जब दो उबाल आ जाय तब पकौड़ी डाल के मुंह बन्द कर दम पर रक्खे ॥

पहिले आम को धो के ऊपर का छिलका उतार के पथरी में रखता जाय। जब सब आम छिल जायँ उन्हें मसल के गुठली अलग कर गूदे को अच्छे साफ मजबूत (पर बहुत गाढ़ा कपड़ा न हो) कपड़े में भली प्रकार छान ले। फिर उस रस को कलई की हुई कड़ाई में रख आग पर चढ़ा दे और बीच२ में चमचे से थोड़ा२ ताज़ा गावा घी में छोड़ता जाय और लकड़ी की खुरचनी से घोंटता जाय फिर आग पर से उतार ले॥

बरफी बनाने लायक़ सुफेद चीनी की चाशनी बना ले और उस चाशनी में रस मिला छोटी इलायची के दाने डाल परात या थाली जो कलई की हो उसमें डाल ले। दूसरे दिन जम जाने पर इच्छानुसार काट ले॥

कौंले की लुड़की।

अच्छे बड़े कौंले ५० उन्हें छील के छिलका फेंक दे और कोओं को भी छील उनका छिलका सूत और बीज साफ कर जीरे निकाल ले और कांच या मिट्टी के बर्तन वा पथरी में रक्खे, ऊपर से खूब मीठी उम्दी जमी हुई दही अंदाज की और बढ़िया गुलाबजल आध सेर डाले और जरा सा सेंधा नोन और अन्दाज की सुफेद चीनी मिला के खूब मिला ले और महीन कपड़े में छान के ऊपर से जरा सा कपूर और कुछ इलायची छोटी का दाना और कूटी छानी सोंठ मिला के दो घंटे ढांक के रहने दे। चाशनी छोड़ उलट पुलट कर लो और जरा सी आंच पर १ जब दाना पड़ने लगे तब उतार लो। २४ घंटे तक इसका नहीं बिगड़ता॥

निचोड़ ले और उसी रस को आंटे में डाले। दूसरी विधि यह है कि नारियल को करो डाले और उसे साने हुए आंटे में मिला ले और जी चाहे तो उसमें थोड़ी चीनी भी मिला ले पर चीनी से वेलने में आंटा वह जाता है॥

नारियल मिले आंटे की छोटी २ पूरी बना ले सावधानी से घी में तल ले और धीरे से झरने से निकाले। इसी प्रकार रोटी और पराठा भी बनता है परन्तु पूरी ही उत्तम होती है॥ यह पूरी गरम ही खाने में अधिक स्वाद होती है॥

कांजी ।

उरद की पीठी १ सेर, लौंग १ माशा, इलायची दाना ६ माशा, काली मिर्च ६ माशा, लाल मिर्च १ तोला, जीरा सुफेद ६ माशा, हींग १ माशा, अदरक १ तोला, नमक २ तोला, सब मसाला पीठी में मिला पकौड़े तल के ठंढे पानी में छोड़ता जाय। उसके बाद नमक ४ तोला, लाल मिर्चा २ तोला, राई १ छटांक, हल्दी १ तोला, सब मसाला पीस के पकोड़ी में मिला अमृतवान में तीन रोज रक्खे तीसरे दिन १॥ सेर पानी छोड़ के फिर तीन दिन रख चौथे दिन काम में लावे॥

पक्के आम की बरफी ।

उत्तम जातिका अच्छा बड़ा गूदेदार मीठा आम इस काम के लिये होना चाहिये। जो आम का स्वाद विगड़ा या खट्टा होगा तो बरफी का भी स्वाद विगड़ जायगा इससे पहिले ही चीख के आम ले॥

पहिले आम को पो के ऊपर का छिलका उतार के पथरी में रखता जाय। जब सब आम छिल जायँ उन्हें मसल के गुठली अलग कर गूदे को अच्छे साफ मजबूत (पर बहुत गाढ़ा कपड़ा न हो) कपड़े में भली प्रकार छान ले। फिर उस रस को कलई की हुई कड़ाई में रख आग पर चढ़ा दे और बीच२ में चमचे से थोड़ा२ ताजा गाया घी में छोड़ता जाय और लकड़ी की खुरचनी से घोंटता जाय फिर आग पर से उतार ले॥

बरफी बनाने लायक़ सुफेद चीनी की चाशनी बना ले और उस चाशनी में रस मिला छोटी इलायची के दाने डाल परात या थाली जो कलई की हो उसमें डाल ले। दूसरे दिन जम जाने पर इच्छानुसार काट ले॥

कौंले की लुड़की।

अच्छे बड़े कौंले ५० उन्हें छील के छिलका फेंक दे और कोओं को भी छील उनका छिलका सूत और बीज साफ कर जीरे निकाल ले और कांच या मिट्टी के बर्तन या पथरी में रक्खे, ऊपर से खूब मीठी उम्दी जमी हुई दही अंदाज की और बढ़िया गुलाबजल आध सेर डाले और जरा सा सेंधा नोन और अन्दाज की सुफेद चीनी मिला के खूब मिला ले और महीन कपड़े में छान के ऊपर से जरा सा कपूर और कुछ इलायची छोटी का दाना और कूटी छानी सोंठ मिला के दो घंटे ढांक के रहने दे। चाशनी छोड़ उलट पुलट कर लो और जरा सी आंच पर रक्खो जब दाना पड़ने लगे तब उतार लो। २४ घंटे तक इसका स्वाद नहीं बिगड़ता॥

मीठी कचौरी।

इस कचौरी में सेर में आध पाव घी का मोयन देना चाहिये फिर गरम पानी में मैदा साने और मिश्री के रवे, पिस्ता कतरा, छीले बादाम की गिरी, अदरख का रस, दारचीनी, लौंगचूरा एक में मिलावे। इन सब को तैयार मैदे या आटे में भर के कचौरी तले॥

बालूसाही

एक सेर बढ़िया मैदा पानी में रख आध पाव घी मिला ऊपर से एक कपड़ा ढांको फिर आधे घंटे बाद थोड़ा दूध मिला भली प्रकार सान के छोटी छोटी टिकिया बना घी में तले जब बादामी रंग हो तब उतार ले और चाशनी में मिलावे॥

किशमिश का मोहनभोग।

अच्छी चुनी बिनी साफ की हुई किशमिश १ सेर, घी आध पाव, चीनी १ पाव। किशमिश को पानी में खूब धो डाले और घी को कढ़ाई में रख आंच पर चढ़ा दे और उसमें किशमिश छोड़ बरोबर चलाता रहे, जब किशमिश गल जाय तब उसमें चीनी का रस छोड़ दे और चलाता जाय गाढ़ा होने पर उतार ले और छोटी लायची के दाने छींट दे॥

मालपूआ

उम्दा आंटा १ सेर, चावल का आंटा तीन पाव, चीनी का गाढ़ा शरबत जिसमें आधा दूध आधा पानी डाले और

र आंटे में डाल के खूब फेंटे परन्तु उसे न तो बहुत गाढ़ा
ार न बहुत पतला करे ऐसा रहे कि कढ़ाई में डालते ही
न जाय। जब घोल के तैयार हो तब महीन कतरी गिरी,
ाबुत काली मिर्च, जरा सी सौंफ डाल तेज आंच पर तई
कड़ाई विशेष) में घी भर के चढ़ा दे, कटोरे में ऊपर कही
ीत थोड़ी २ घी में छोड़े, छोड़ते ही जब घी में फैल जाय तब
ाने से उलट पुलट कर सेंकता और उतारता जाय॥

खोआ या छाना (फटा दूध) का पूआ।

मैदे में खोआ या छाना खूब मिला ऊपर कही रीति
से बना ले॥

खुरचन चाशनीदार।

एक साफ कढ़ाई में ३ सेर उम्दा दूध चूल्हे पर चढ़ादे
और बराबर चलाता रहे और जब आधा दूध रह जाय तब
उसमें दस बारह बताशे डाल के घोंटे जब दूध खूब गाढ़ा हो
जाय तब ऐसा चलावे कि कढ़ाई के किनारों में न लगने
पावे। जब खूब ही गाढ़ा हो जाय तब चूल्हे पर से उतारले
और पीतल की खुरचनी से कढ़ाई के चारों ओर से खुरच ले
और खूब हिला मिला ले, जब नरम कच्ची मोम के ऐसा हो
जाय तब उसमें छोटी इलायची के दाने दो तोला, अर्क केवड़ा
या गुलाब मिला पतला २ लम्बा या चिपटा कोई आकार
का छोटा २ बना घी में गुलाबी रङ्ग का भूनलें और चीनी की
चाशनी डाल के निकाल ले॥

मलाई की पूरी ।

दो कढ़ाइओं में दूध चढ़ा के कलछुल से खूब चलावे जिसमें खूब फेन उठे तब आंच खूब धीमी कर दे तब धीरे २ मलाई पड़ने लगेगी जब मलाई कुछ मोटी हो आवे तब एक कढ़ाई से धीरे २ मलाई उठा दूसरी कढ़ाई की मलाई पर डाले और इस कढ़ाई के दूध को फिर चला के छोड़ दे जब मलाई पड़े तो फिर उठा के उसी मलाई वाली कढ़ाई में रक्खे योंही तीन चार बेर मलाई उठावे और दूसरी कढ़ाई पर डालता जाय परन्तु ध्यान रहे कि दूसरी कढ़ाई जिसपर मलाई जमा रहे हो बहुत ही धीमी आंच पर रहे। जब मलाई की तह मोटी हो जाय तब बहुत सावधानी से मलाई की कढ़ाई से दूध निकाले पर थोड़ा दूध रहने दे और भूभल पर थोड़ी देर रहने दे, जब मलाई सूखी सी हो जाय और दूध कुछ न रह जाय तब धीरे और बड़ी सावधानी से उठा के कढ़ाई में डाल पूरी के ऐसा तलले परन्तु ध्यान रहे कि आंच खूब धीमी हो नहीं तो मलाई गल जायगी, जब पूरी तैयार हो जाय तब दुबारा या बूरा ऊपर से छोड़ दे ॥

खोये की पूरी ।

ताजे मैदे में मोयन मिला सान के रक्खे फिर थोड़े से ताजे खोये को खूब मलदल लो जिसमें गुठली न रहे । पहिले मैदे को बेल के दो पूरी अलग रक्खो फिर खोये की पतली पूरी बना के दो मैदे की पूरिओं के बीच खोये की पूरी रख फिर बेल के चूल्हे पर कढ़ाई में घी तैयार कर पूरी तले और

जो चाशनीदार बनाना हो तो पहिले से पतली चाशनी बना के बड़े बासन में रख छोड़े पूरी उतारता जाय और चाशनी में छोड़ता जाय ॥

मलाई का मीठा भुजियां।

पहिले दूध की अच्छी मोटी दो सेर मलाई बनाले फिर अङ्गारों पर एक मोटा लोहे का तवा चढ़ा दो जब तवा गरम हो जाय तब उसपर मलाई बिछादो जब मलाई का दूध सूख जाय तब धीरे से उलट के जरा सेंक लो और फिर उसे घी में तल के दूसरे बासन में रख ऊपर से छीली और कतरी बादाम की गिरी, पिस्ता कतरा, इलायची दाने, लौंग की कतरन, काली मिर्च का चूर्ण और ऊपर से थोड़ी चीनी छोड़दे॥

शाहजहानी।

चने का बेसन १ पाव, दही २ सेर, दारचीनी २ माशा, इलायची २ माशे, लौंग २ माशे, मेथी १ माशे, मिर्च ४॥ माशे, घी १ पाव, नोन ४ तोला। १८ तोला बेसन पानी में घोल आंच पर कड़ाई रख खूब भूने जब खूब गाढ़ा हो जाय तब उतार चकले पर बिछा छोटी २ चौखूटी टिकिया छुरी से कतर घी में तले॥

दो तोला बेसन मिर्च का चूर्ण और नोन और दही तथा मेथी का छौंका देके टिकियाओं को छोड़ दे और जब दही सूख जाय तब गन्धद्रव्य डाल के उतार ले॥

मलाई की पूरी ।

दो कढ़ाइओं में दूध चढ़ा के कलछुल से खूब चलावे जिसमें खूब फेन उठे तब आंच खूब धीमी कर दे तब धीरे २ मलाई पड़ने लगेगी जब मलाई कुछ मोटी हो आवे तब एक कढ़ाई से धीरे २ मलाई उठा दूसरी कढ़ाई की मलाई पर डाले और इस कढ़ाई के दूध को फिर चला के छोड़ दे जब मलाई पड़े तो फिर उठा के उसी मलाई वाली कढ़ाई में रक्खे योंही तीन चार बेर मलाई उठावे और दूसरी कढ़ाई पर डालता जाय परन्तु ध्यान रहे कि दूसरी कढ़ाई जिसपर मलाई जमा रहे हो बहुत ही धीमी आंच पर रहे। जब मलाई की तह मोटी हो जाय तब बहुत सावधानी से मलाई की कढ़ाई से दूध निकाले पर थोड़ा दूध रहने दे और भूभल पर थोड़ी देर रहने दे, जब मलाई सूखी सी हो जाय और दूध कुछ न रह जाय तब धीरे और बड़ी सावधानी से उठा के कढ़ाई में डाल पूरी के ऐसा तलले परन्तु ध्यान रहे कि आंच खूब धीमी हो नहीं तो मलाई गल जायगी, जब पूरी तैयार हो जाय तब दुबारा या बूरा ऊपर से छोड़ दे ॥

खोये की पूरी ।

ताजे मैदे में मोयन मिला सान के रक्खे फिर थोड़े से ताजे खोये को खूब मलदल लो जिसमें गुठली न रहे । पहिले मैदे को बेल के दो पूरी अलग रक्खो फिर खोये की पतली पूरी बना के दो मैदे की पूरिओं के बीच खोये की पूरी रख फिर बेल के चूल्हे पर कढ़ाई में घी तैयार कर पूरी तले और

जो चाशनीदार बनाना हो तो पहिले से पतली चाशनी बना के बड़े बासन में रख छोड़े पूरी उतारता जाय और चाशनी में छोड़ता जाय ॥

मलाई का मीठा भुजियां।

पहिले दूध की अच्छी मोटी दो सेर मलाई बनाले फिर अंगारों पर एक मोटा लोहे का तवा चढ़ा दो जब तवा गरम हो जाय तब उसपर मलाई बिछादो जब मलाई का दूध सूख जाय तब धीरे से उलट के जरा सेंक लो और फिर उसे घी में तल के दूसरे बासन में रख ऊपर से छीली और कतरी बादाम की गिरी, पिस्ता कतरा, इलायची दाने, लौंग की कतरन, काली मिर्च का चूर्ण और ऊपर से थोड़ी चीनी छोड़दे॥

शाहजहानी।

चने का बेसन १ पाव, दही २ सेर, दारचीनी २ माशा, इलायची २ माशे, लौंग २ माशे, मेथी १ माशे, मिर्च ४॥ माशे, घी १ पाव, नोन ४ तोला। १८ तोला बेसन पानी में घोल आंच पर कढ़ाई रख खूब भूने जब खूब गाढ़ा हो जाय तब उतार चकले पर बिछा छोटी२ चौखूटी टिकिया छुरी से कतर घी में तले॥

दो तोला बेसन मिर्च का चूर्ण और नोन और दही तथा मेथी का छौंका देके टिकियाओं को छोड़ दे और जब दही सूख जाय तब गन्धद्रव्य डाल के उतार ले॥

मूँग की पीठी के लड्डू ।

मूंग की ५ सेर दाल को खारी पानी में भिगो दे जब फूल जाय तब धो डाले और सिल पर खूब महीन पीस डाले और कढ़ाई में थोड़ा घी डाल के भूनता जाय और थोड़ा २ घी डालता जाय । उसी समय पानी में घोल के केसर छोड़ दे फिर तिगुनी या चौगुनी चीनी की पतली चाशनी करके डाल दे और थोड़ी आंच दे उतार के लड्डू बनावे ॥

भूनी मूँग के लड्डू ।

मूंग को भाड़ में भुनवा के गरम रहते घी चुपड़ चक्की में पीस के छटांक सेर के हिसाब घी देके भूने और ऊपर के विधान से लड्डू बनवावे ॥

इसी प्रकार उरद का भी लड्डू बनता है ॥

मोहनभोग ।

अदरक का ।

छीला अदरक १ सेर, घी आध सेर, चीनी सुफ़ेद १॥ सेर, मैदा १॥ छटांक, पहिले अदरक को पानी में उबाल उसी जल में सिल पर पीस डाले और उसमें मैदा मिला के और घी में भून डाले फिर एक तार बन्द चीनी की चाशनी जो पहिले बना के रख ले उसमें मिला ले ॥

बादाम का ।

बादाम की गिरी निकाल गरम पानी में भिगो के छील डाले। यह छीली गिरी १ पाव, चीनी सुफ़ेद १॥ पाव, घी १॥ पाव ॥

दस सेर पानी डाल के पकावे, जब आधा पानी रह जाय तब उसे निकाल निचोड़ के तीन पाव घी में डाल धीमी आंच पर भुना ले, जब गाढ़ा हो जाय तब चार सेर मिस्री की चाशनी में डाल हलुआ बनावे और ऊपर से यह मसाला छोड़े :—

सोंठ वैतरा २)	लायचीदाने २)
जीरा सुफेद २)	बंसलोचन २)
जीरा स्याह १)	दारचीनी २)
धनिया २)	काली मिर्च २)
तेजपात २)	

फिरङ्ग मनोहर।

चीनी १ सेर, गेहूं का निशास्ता १ पाव, घी १॥ पाव, बादाम की छिली गिरी २ छटांक॥

निशास्ते को पानी में घोल वाद में डाल एक तारंद चाशनी में डाल घोट जब खूब गाढ़ा हो जाय तब थोड़ा पानी का छींटा देता और घोटता जाय फिर घी डाल के घोटे जब [illegible] आ जाय तब कतरे बादाम डाल कर उतार ले॥

गुझिया।

मैदा २॥ पाव, नई का खोटा आध पाव, [illegible] मिश्री [illegible] १ पाव, [illegible] ६ माशे, मिर्च ६ माशे, घी आध [illegible]

[illegible] और [illegible] आध

कपड़े में रख खूब मल के कसके निचोड़ सब पानी फेंक दे फि
घी में भूने जब सोंधी गन्ध आने लगे अर्थात खूब भून जा
तब केसर मिली तीन तार बन्द चाशनी में मिला आंच प
चढ़ा खूब घोटे जब पानी जल जाय खाली घी रहे तब उसमे
कस्तूरी गुलाबजल में मिला छोड़ के उतार ले ॥

शोभन मोहनभोग ।

चीनी १॥ सेर, मैदा २ सेर, घी २ सेर, जायफल २, दा
चीनी ४ माशा, पिस्ता ८ तोला, बादाम ८ तोला, चहा
मग्ज ८ तोला, कस्तूरी २ रत्ती, दूध १ पाव, गेहूं २ सेर ॥

मिट्टी के बासन में जल में गेहूं भिगो दे, तीन दिन के
बाद जल बदल दे और तीन दिन रहने दे, सातवें दिन पानी
से निकाल गेहूं धूप में सुखा ले और चक्की में पीस आंटा
बना ले। इसमें का १ पाव आंटा और मैदा तथा चीनी आध
सेर जल में मिला तेज आंच पर चढ़ा खूब चलावे जब पक
जाय तब घी डाल अङ्गारों पर रख चलावे जब खूब भून जाय
तब उतार हाथ में घी लगा खूब मसले और फिर बाकी सब
मसाला मिला जरा अङ्गारों पर रख चला के उतार ले और
भोजपत्र में लपेट ऊपर कच्चा सूत बांध के रख दे। यह बड़ा
बल कारक है ॥

हलुआ ।

पेठा ।

पांच सेर पके पेठे के गूदे को कलई किये हुए बासन में

पाव घी का मोयन देके गूंधे। आधा साबूत जीरा और आधी काली मिर्च का चूरा उसी में खूब मिला ले और आधी छटांक घी मिलावे। मैदे में १॥ छटांक घी मिला गूंधे और उर्द का आंटा मिला बाकी केसर और मसाला मिला सबको एक में मिला दलमल के छोटी २ टिकिया बना के घी में तल ले॥

अदरक की टिकिया।

मैदा २॥ पाव, पीसी अदरक १ पाव, उरद का आंटा २ छटांक, मिर्च १ तोला, दारचीनी ६ माशे, नोन १ तोला, घी आध सेर। उरद के आंटे में आध पाव घी मिला कर साने और साथही अदरक भी मिलावे, १ छटांक घी में मैदा गूंधे फिर सब को एकमें मिला पानी से कड़ा साने और सब मसाला मिला छोटी २ टिकिया बना घी में तल ले॥

अचार।

छोहारा।

गुठली निकाला छुहारा १ सेर।	अमचूर आध सेर।
साफ की हुई किशमिश १ सेर।	सोंठ १ पाव।

इन सब चीजों को ६ सेर अच्छे सिरके में तीन सेर सुफेद चीनी मिला के १५ दिन धूप में रक्खे॥

चाशनीदार।

सलगम और चोकन्दर १ सेर, सिरका १ सेर, पुदीना १० माशा॥

चीनी सुफेद तीन पाव। चोकन्दर और शलगम के टुकड़े कर पानी में उबाल डाले। चीनी और सिरके की चाशनी कर शलगम और चोकन्दर के टुकड़ों को डाले, ऊपर से पुदीना डाले और तैयार होने पर उतार ले॥

आबी गाजर।

गाजर ५ सेर, राई ३ छटांक, लाल मिर्चा आध पाव, नोन आध पाव, पानी ६ सेर। गाजर के छोटे टुकड़े कर उबाले गलने पर उतार के छीले उसके बाद नमक, काली मिर्च, राई पीस कर मिलावे, तीन दिन तक अमृतबान में सब चीज मिला के रहने दे, चौथे दिन गरम पानी उसमें ६ सेर डाले जब खटाई आ जाय तब खाने के काम में लावे॥

मुनक्का—आबजोश का अचार।

बड़ा मुनक्का या आबजोश को धो पोछ के साफ कर उस का बीज फेंक दे॥

मुनक्का १ सेर, बड़ी इलायची के दाने २ तोला, लौंग २ तोला, धनिया का चावल २ तोला, दारचीनी २ तोला, काली मिर्च २ तोला, नोन २ तोला, काला जीरा ६ माशे। इन सब को पीस के मुनक्कों में भरे जो बचे ऊपर लगा दे और मिट्टी या चीनी के बासन अथवा कांच की अचारी में रख ऊपर से १ नीबू का रस छोड़ के मुंह बांध के रख दे। जब रस सूख जाय तब फिर आध सेर नीबू का रस डाल दे। बीच २ में धूप दिखा दिया करे॥

पिण्ड खजूर को भी यों ही बनावे पर उसमें अनानास का [illegible]॥

नारियल का अचार।

ताजी नारियल की गिरी १ सेर, इलायची दाना १ तोला, नीबू का रस १ सेर, अनार का छिलका सुखा के उसका चूर्ण १ छटांक, सब चीजों को एक में मिला गिरी का टुकड़ा उसमें मिला बासन में रख दस रोज तक दिन रात खुली जगह में रख धूप और ओस खिलावे॥

बरफ जमाने की बिधी।

दूध को ऐसा औटावे कि आधा रह जाय तब अन्दाज की चीनी या मिश्री पीस के डाले और थोड़ा अर्क गुलाब या केवड़ा डाले सांचे में (कुलफी में) दूध भरे और ढकना लगा चारों ओर साना हुआ आंटा लगा दे फिर एक बड़ी मिट्टी की हांडी में सजा दे और ऊपर नीचे बरफ के टुकड़ों की तह दे और हर तह में थोड़ा २ नमक, शोरा और नौसादर भी रक्खे ऊपर से हांडी का मुंह ढांक एक भारी कम्मल में हांडी लपेट दे और थोड़ी२ देर में उस गठड़ी को धीरे धीरे हिलाता रहे। पन्द्रह बीस मिनिट में तैयार हो जायगा तब कुलफी का मुंह खोल दोनों हथेली के बीच रख घुमा के उलट ले बरफ तैयार जमी हुई निकल आवेगी॥

जिस चीज की कुलफी जमानी हो इसी प्रकार जमावे॥

भांग की माजून।

मूसली सुफेद १)	भांग धोई ५।
छोटी इलायची)॥६	चीनी सुफेद ५१॥

जावित्री ॥२	घी गौ का ऽ॥
जायफल ॥२	चांदी का वरक
केसर ॥२	गुलाब का अतर ४ रत्ती
बादाम की छिली गिरी ऽ=	खोआ ऽ१
मिश्री ऽ	

पहिले जहां तक हो भांग को कई बेर खूब धोवे और ऐसा धुने की एक भी बीज न रह जाय तब दूध को आग पर चढ़ा के औंटावे और भांग को एक कपड़े की पोटली में बांध दूध में लटका दे जब भांग का रस निकल आवे तब पोटली को निचोड़ के निकाल ले और दूध का खोआ बनावे और खोये को घी में भूने तथा और सब दवाई कपड़छान कर खोये में मिला चीनी की चाशनी डाल अतर डाल के बरफी जमावे ऊपर से बादाम कतरा और मिश्री के टुकड़े डाल वरक चिपका दे जमजाने पर उतार ले॥

मोरब्बा।

मोरब्बा फालसा।

अधकचरा फालसा ऽ१ शक्कर सुफेद ऽ२

गरम पानी में फालसों को आध घड़ी तक रहने दे जब फालसे गल जायें तब निकाल ठंडे पानी से धो डाले उसके उपरान्त शक्कर की चाशनी में डाल कर एक जोश देकर उतार ले और चाशनी से अलग करले ठंडा हो जाने पर फिर चाशनी में डाल कर बासन में रक्खे। यदि सुगन्धित करना हो तो केवड़ा या गुलाब का बूंद दो बूंद इतर डाल के मुंह बांध दे॥

मोरब्बा सेब ।

सेब ऽ१ शक्कर सुफेद ऽ२

पहिले सेब के टुकड़े काट के कांटे से खूब कोंचे और थोड़ा पानी डाल कर जोश दे। फिर उतार के पानी में से निकाल चाशनी में डाल थोड़ा जोश दे उतार के ढांक कर रख दे, बाद तीन दिन के फिर एक जोश देने ही से तैयार हो जायगा॥

इसी प्रकार नाशपाती, गाजर और आमले का मोरब्बा भी बनता है॥

मोरब्बा केला ।

अच्छे मोटे देख के कच्चे केले ऽ१ नाखून से उसका पूरा छिलका उतार एक एक के दो दो टुकड़े कर शक्कर सुफेद २ सेर, कागजी नीबू का अर्क, एक कलईदार डेगची में घास बिछा उसपर केले के टुकड़े सजा दे और थोड़ा पानी डाल आग पर चढ़ा एक जोश दे केले भाप में पका के उतार ले और ठण्डा कर चाशनी में डाल कर फिर जोश देके ठण्डा कर रख छोड़े॥

मोरब्बा कमरख ।

कमरख ऽ१ नमक ऽ। दही ऽ१॥ नीबू कागजी १

कमरख को मिट्टी की हांडी में रख पिसा हुआ नमक डाल थोड़ा पानी दे चार घड़ी तक उस हांडी को खूब हिलावे फिर उस पानी को निकाल चूने का पानी डाल एक घड़ी के बाद उसे भी फेंक दे और दही छोड़ दे घंटा भर बाद शक्कर आठ तोला ४ माशा डाल कर जोश दे फिर बाकी शक्कर का शीरा बना कमरख को साफ कर इसमें डाले और जोश देके ऊपर से

नीबू का अर्क निचोड़े जब ठंढा हो जाय तब उतार बासन में रख दे॥

इमली का मोरब्बा।

पक्की इमली का बीया निकाल हलका उबाल चीनी की चाशनी में डाल के पका लेवे॥

अदरक का मोरब्बा योंही करे॥

अनानास का मोरब्बा।

यथा विधी अनानास को छील के कुछ उबाल ले फिर चूना लगा के रख छोड़े फिर साफ पानी से धो डाले अथवा पहिले चूने में भिगो दे पीछे उबाले और उतार के चाशनी में डाले और ऊपर से थोड़ा नीबू का रस डाले॥

मोरब्बा आलू बुखारा।

आलूबुखारे को पहिले धो के साफ करले फिर पानी में भिगो दे चाशनी के अन्दाज का पानी डाल जब भीग जाय तब चीनी की चाशनी मोरब्बे के ढंग की कर ले और आलूबोखारा डाल दे और फिर जरा आंच दे उतार ले॥

हड़ का मोरब्बा।

अच्छी बड़ी २ हड़ पानी में उबाल ले और साफ पानी से धो के कलईदार कड़ाई में दो तारबन्द चीनी की चाशनी में डाल के पाक कर ले॥

यह बड़ा गुणदाई मोरब्बा होता है॥

सुपारी का मोरब्बा।

यह प्रसिद्ध मोरब्बा है परन्तु प्रायः मिलता नहीं है और

जो मिलता भी है तो उत्तम नहीं होता कारण प्रायः बनाने वाले पक्की सुपारी का बनाते हैं या नकली बनाते हैं इस लिये जानना चाहिये कि पक्की सुपारी का नहीं बनता उसकी बिधी यह है—

सुपारी १ सेर, पत्थर का चूना १ छटांक, सुहागा पीसा १ तोला, छोटी इलायची का चूर्ण १ तोला, गुलाबजल १ तोला॥

कच्ची सुपारी को पहिले छील के छिलका साफ करले और पांच सेर पानी में सुहागा और आधा चूना मिला सुपारी डाल २४ घंटे भीगने दें बाद उसके सुपारी को पानी में से निकालले और फिर सात सेर पानी बाकी चूना मिला आग पर चढ़ा दे और धीमी आंच रक्खे। तीन पहर की आंच दे, फिर उतार के साफ पानी से धो डाले। चीनी की एक तारबन्द चाशनी बना उसमें सुपारी डाल दे और तैयार होने पर गुलाबजल और सुपारी छोड़ के रख छोड़े॥

बंगला मिठाई ।

छाना ।

बंगला जितनी मिठाई बनती है प्रायः सब छाना की बनती है। दूध को चूना या खटाई डाल के फाड़ लेना पड़ता है। जब दूध फट जाय तब उसे गाढ़े कपड़े में पोटली बांध लटका दे जब सब पानी टपक जाय तब किसी थाली या लकड़ी के खानचे में रख हथेली से खूब दलमल के उसकी गुठलियों को मिटा दे यही छाना है॥

छाना बड़ा।

छाना में खामा (मैदे का उत्तम भाग) मिला हथेली से खूब मले। १ सेर छाना में पाव भर खामा पड़ता है। जब खूब मसल ले तब गोल २ लड्डू बना घी में तले जब लाल हो तो निकाल के गाढ़ी चीनी की चाशनी में छोड़ता जाय॥

लेडीगनि।

एक सेर छाना, १ पाव सूजी में मोयन दे छाना में खूब दल मल मिलावे और फिर जरा बड़े लड्डू बना घी में तलें और चाशनी में भिगोवें॥

गोल्ला संदेश।

छाना १ सेर, चीनी का शरबत १ सेर, पहिले शरबत कड़ाई में आग पर चढ़ा उसमें छाना छोड़ सुरचने से खूब चला उलट पलट कर भूने, ऐसा भूने कि छाना का रंग सुफेद ही बना रहे पर भुन जाय, ज्यों २ पाक गाढ़ा होता जाय त्यों २ चलाता जाय जब कुछ लस आ जाय तब चूल्हे पर से उतार खूब चलावे ठंडा होने पर लड्डू बना ले॥

मंडा।

छाना ३ सेर, १। सेर सुफेद चीनी का पक्का रस, औंटा खूब गाढ़ा दूध। पहिले चीनी का रस आग पर चढ़ावे जब खुल खुले उठने लगें तब उसमें तैयार छाना छोड़ खूब चलावे और कुछ देर बाद दूध डाले और सावधानी से जल्दी २ सुरचनी चलाता जाय जिस में गुठली न बंधे। चलाते २ जब लसदार

हो जाय तब उतार के कुछ देर चला, गोल २ बना, हथेली पर रख चिपटा कर के रखता जाय॥

छाना की बरफी।

१ सेर तैयार छाना चीनी के रस में मिला आग पर चढ़ा खूब चलावे जब गाढ़ा होजाय तब उसको उतार के फिर चलावे जब पाक गाढ़ा हो जाय तब बाढ़दार थाली में डाल ऊपर से पिस्ता कतरा हुआ और छीली हुई बादाम की महीन कतरी गिरी और छोटी इलायची के थोड़े दाने ऊपर से छींट के रहने दे दूसरे दिन बरफी कतरले॥

पीठा।

गोकुल पीठा।

पहिले दूध में मैदा अथवा चावल का आंटा गूंध ले। और ताजा खोआ में छोटी इलायची का दाना मिला के कचौरी के ऐसा भर, लम्बा गोल चौखुटा जैसे आकार का चाहे बना ले और घी में तल के फिर चीनी की चाशनी में भिगो दे॥

मूँग का भूजवा पीठा।

भूनी मूंग की दाल को उबाल ले और मसल के उसमें चावल का आंटा मिला खूब फेंटे फिर उसमें नारियल का करोआ हुआ चूर भरे और उपर की क्रिया से बना ले॥

चिउड़े का पीठा।

गरम दूध में चिउड़े को पहिले से भिगो रक्खे जब फूल

जाय तब उसमें थोड़ा छाना मिला खूब मसले और खोये का पूर भर ऊपर कही विधी से बनावे ॥

पक्के केले का पीठा।

चावल पीसा, पक्का केला, चीनी छुवारा, सब को दूध में साने और नारियल कूटा हुआ थोड़ा मिलावे, छोटी इलायची के दाने डाल, गोल या चिपटा बना घी में तले और फिर चाशनी में भिगोवे ॥

मीठी रस भरी बुंदिया की खीर।

पहिले दूध को आंच पर चढ़ा खूब गाढ़ा करे पर मलाई न पड़ने दे और घोटता जाय फिर कतरा बादाम और पिस्ता, किशमिश, इलायची का दाना छोड़ तैयार बुंदिया छोड़ दे और खूब धीमी आंच थोड़ी दे, तब उतार के दो एक बूंद गुलाब का अतर मिलाले ॥

सिंघाड़े की लपसी।

जो हरा सिंघाड़ा मिलता हो तो उसे छील के खूब महीन पीस ले और जो ऋतु न हो तो सिंघाड़े का बढ़िया आंटाले ॥

दूध को अधौट कर उसमें चीनी और सिंघाड़ा डाल खूब घोटे जब रबड़ीसा हो जाय तब इलायची दाना, कपूर और गुलाब का अतर डाल के उतार ले ॥

मूली की खोलाची।

अच्छी मोटी मूली को महीन कद्दूकश में उतारले और

निचोड़ के रस निकाल डाले फिर इसी गूदी में चावल का आंटा, अदरक का लच्छा, छोटी इलायची के दाने का चूर्ण, काला जीरा, हींग सब को एक में मिला ले और मनमाने के रङ्ग का बना घी में तल ले ॥

इसी प्रकार लौका, खीरा, आदि का भी बनता है ॥

चन्द्रकांत ।

कोरनी से नारियल को गूदा ले और उसमें थोड़ा सा छोआ मिला छीली हुई बादाम की गिरी महीन कतरी, और पिस्ता महीन कतरा एक में मिला के चीनी के शरबत को आग पर चढ़ा इन चीजों को मिला दे, बीच बीच में चलाता जाय और जब खूब जम आ जाय तब उतार हिलाडुला के ठण्ढा कर उसमें इलायची का दाना पीसा, गुलाब का अतर मिला हथेली से खूब दले फिर सांचे में भर निकाल ले ॥

इसी प्रकार थोड़े २ भेद से और भी मिठाइयां बनती हैं परन्तु विस्तार भय से अधिक नहीं लिखा गया ॥

छाना की तरकारी ।

ताजा छाना के टुकड़े १ सेर ॥

नोन सेंधा १॥ तोला, अदरक पीसा ६ माशे, जीरा, काली मिर्च पीसी ६ माशा, हल्दी पीसी ६ माशे, धनिया पीसी २ तोला, घी एक पाव, इलायची, लौंग ६ माशा, तेजपात तीन चार ॥

पहिले छाना घी में तल ले जब बादामी रङ्ग आ जाय

तब उतार के रस ले और थोड़े घी में तेजपात और जीरे क
छौंका दे हल्दी, मिर्च, अदरक छोड़ के बाकी मसाला थोड़े
पानी में घोल छोड़ दे और जब तैयार हो जाय तब तल
खाना डाल नोन डाल मुंह बन्द कर धीमी आंच में रहने दे
और तैयार होने पर उतार ले॥

अंगरेजी तरकारी का मसाला।

जो

प्रिन्स आफ वेल्स खाते हैं।

धनिया १ पावपड	जावित्री ॥ आउन्स
मिर्चा १३ आउन्स	लौंग ॥ ,,
तेजपात ॥ ,,	स्याह जीरा ॥ ,,
सरसों २ ,,	हल्दी कूटी ८ ,,
लाल मर्चा ॥ ,,	नोन पीसा १ पावपड
अदरक ॥ ,,	खिलारी बीज ॥ आउंस

मक्खन बहुत दिन तक रखने का मसाला।

दो भाग नोन एक भाग चीनी, एक भाग शोरा इन तीनों चीजों को एक में मिला ले। आध सेर मक्खन में १ आउन्स ऊपर वाला चूरन मिला के बन्द बासन में रक्खे। इस विधि से बहुत दिन रह सकता है॥

विलायत से इसी मसाले का बना मक्खन आता है जिसे "प्रिजर्वड" मक्खन कहते हैं॥

रोज़ सिरप।

लाल गुलाब के फूलों की पखड़ी १ आउन्स ॥

सुफेद चीनी १५ आउन्स, साफ पानी १० आउन्स। सबको मिला औंटावे जब खूब औंट जाय तब बहुत थोड़ासा सलफरिक एसिड मिला दे लाल रङ्ग हो जायगा ॥

आरेंज सिरप।

चीनी की एक तार बंद चाशनी ७ आउन्स, टिंचर आरेञ्ज १ आउन्स, चाशनी में डाल के पका ले ॥

रोज लजेन्जस।

सुफेद चीनी ४ आउन्स, कारमिल रंग २ ग्रेन, गुलाब का बढ़िया अतर १ बूंद। पहिले चीनी की चाशनी बना थोड़ा गोंद का पानी डाले फिर रंग उसके बाद अतर डाल के सांचे में ढालले ॥

पिपरमेंट लजेन्जस।

दो अंडे के भीतर की सफेदी, ६ आउन्स चीनी, ३६ बूंद आयल पीपरमेंट सबको मिला सांचे में टिकिया बना ले ॥

विलायती बढ़िया बिस्कुट।

उम्दा मैदा २ पौंड, कारबनेट एमोनिया ३ ड्राम, सुफेद चीनी ४ आउन्स, अरारोट १ आउन्स, मक्खन ४ आउन्स १ अंडे की सफेदी, थोड़े दूध में सब चीज मिलाकर गाढ़ा गूंध ले और फिर सांचे से काट तैयार तंदूर में १५ मिनट रख निकाल ले और गरम रहते टिन में बन्द कर दे। यह १ वर्ष तक न बिगड़ेगा ॥

वाइन विस्कुट।

मैदा आधा पौंड, चीनी ४ आउन्स, मक्खन ४ आउन्स, १ ड्राम कारवनेट आफ एमोनिया, २ अंडे की सुफेदी, विलायती सिरका या शराब थोड़ी, इन सबको एक में मिला ऊपर की विधि से बना ले॥

पिकनिक विस्कुट।

दो आउन्स मक्खन को पहिले खूब फेट डाले फिर आधा पौंड मैदा, कारवनेट आफ सोडा १५ ग्रेन, चीनी २ आउन्स, दूध ४ आउन्स, सबको एक में खूब मिला के १ इंच मोटा और डवल पैसा या रूपयेभर के आकार की टिकिया बना ऊपर के ऐसा सेंक ले॥

याद रहे कि सब प्रकार के विस्कुट में पकाने के पूर्व मोटी सुई से गोद अनेक छेद कर दे पर आरपार न हो॥

जिंजर विस्कुट।

६ आउन्स मक्खन, २ पौंड मैदा, ३ आउन्स चीनी, अदरक का चूर्ण अंदाज के दूध में गूंध पका ले॥

सुगर विस्कुट।

कैरेवेसीड, मैदा, चीनी, मक्खन, ब्राण्डी शराब और दूध से बनावे॥

एसेन्स आफ जिंजर।

बैतरा सोंठ का महीन कपड़छान चूर्ण २ आउन्स, लौंग आधा ड्राम, जायफल डेढ़ ड्राम, अलकोहल ८ आउन्स, इन

सब चीजों को बड़े मुंह की बोतल में आठ दिन मिला के रख छोड़े फिर काम ले॥

लेमोनेड चूर्ण।

एसेन्स आफ लेमन १॥ आउन्स — सुफेद चीनी २ पाव
टारटरिक ४ आउन्स — सोडा बाइकार्ब ४ आउन्स

सब चीजों को मिला सचे कांच के डाटदार शीशी में रख छोड़े, जब काम पड़े तो कांच या पत्थर अथवा मिट्टी के एक गिलास जल में १ चमचा छोड़ने से उम्दा विलायती मीठा पानी बनता है॥

शरबत अनानास।

अनानास के पानी में उससे दूनी चीनी मिला कर चाशनी कर ले, यदि और अच्छा बनाना हो तो उसमें थोड़ीसी गुलाब की पत्तियां डाल दे, या थोड़ी कस्तुरी मिला दे। यह शरबत दिमाग को ताकत देता है॥

जामुन का शरबत।

जामुन का अर्क निकाल कर उसमें आध सेर गुलाब की पत्तियां और आध सेर पानी मिला कर उबाल ले, जब चौथाई रह जाय तब उतनीही चीनी मिला कर शरबत बना ले। २ तोला इसकी खुराक है॥

कै, जी मचलाना, पेचिश, और बवासीर इत्यादि को गुण करता है॥

फालसे का शरबत।

काले रंग के मीठे फालसे लेकर पानी या गुलाब जल में
मल के छान ले और उसमें दूनी चीनी मिला कर औंटा ले॥
यह शरबत गर्मी से उबक आना, खून का फसाद तथा
पित्त जनित रोगों पर लाभ दायक है और यह स्वादिष्ट भी
ऐसा है कि भोजन के साथ इसे खा सकते हैं॥

अंगूर का शरबत।

आध सेर विलायती अंगूर लेकर एक साफ कपड़े में बांध-
कर उसका अर्क निचोड़ ले फिर उसमें साफ चीनी २ सेर मिला
कर चाशनी कर लो, यह शरबत स्वादिष्ट तो हई है पर बहु-
तसी बीमारियों में फायदा करता है और बल बढ़ाता है॥

शहतूत का शरबत।

एक सेर लाल शहतूत को मल कर अर्क को छान लो फिर
खाली अर्क को जोश देकर उसमें दो सेर साफ चीनी मिला
कर शरबत बना लो। यह शरबत गर्मी और मुंह आने को
बहुत लाभ देता है। २ तोला खोराक है॥

बेल का शरबत।

आध पाव बेल की गिरी को आध सेर पानी में औंटाओ
जब आधा पानी रह जाय तब उसमें पाव भर चीनी मिला कर
शरबत बना लो। यह शरबत दस्त को बंद करता है और मेदे
को ताकत देता है। खोराक १ तोले से २ तक॥

पुदीने का शरबत।

हरा पुदीना आध सेर, पानी सवा सेर दोनों को औंटा

ले जब आधा पानी जल जाय तब उसमें एक सेर साफ चीनी मिला चाशनी कर शरबत बना ले और उसी में तोले भर मस्तगी पीस के मिला दो॥

यह शरबत उबाकी, जी मचलाना और हिचकी को फायदा करता है॥

इमली का शरबत।

दो सेर इमली को दो सेर पानी में ४ पहर तक भिगो दे फिर इस पानी को छान कर औटाओ जब आध सेर पानी रह जाय तब तीन सेर चीनी मिला कर शर्बत बनालो। खोराक इसकी ४ से ५ तोले तक है। यह शरबत दस्तावर है, लू लग जाने पर बहुत फायदा करता है। यह शरबत मट्टी के बरतन में बनाना चाहिये॥

पान का शरबत।

पक्के हुये पान १०० कूट कर आध सेर पानी में औटावे जब आधा पानी जल जाय तब उसे छान कर साफ चीनी मिला शरबत बना लो। यह शरबत गरम है सर्दी को दूर करता है, हाजमे को साफ करता है॥

अनार का शरबत।

अनार दाने के रस में उससे दूनी चीनी मिला कर पकावे जब उसकी चाशनी तीन तार छोड़ने लगे तो उसे उतार के ठंढा कर लो और बोतल में रखदो, और थोड़ासा गुलाब जल मिलादो॥

गुलाब का शरबत।

ताजी गुलाब की पत्तियां पावभर लेकर उसके आठ भाग

करो अर्थात् आधी २ छटांक हुआ, फिर४ सेर पानी में वह आधी छटांक का भाग डाल कर औटाओ जब आध सेर पानी रह जाय तब उसे छान लो, फिर दूसरा भाग उसी तरह पानी में औँटाओ जब आध सेर रह जाय तब छान लो इसी प्रकार आठो भागों को आठ दफे जोश देकर जब आठवां हिस्सा पानी आध सेर रह जाय तब ३ पाव साफ़ चीनी मिला शरबत बना लो, यह शरबत कांति बढ़ाता है और स्वादिष्ट है। यही तरकीब केवड़े इत्यादि के शरबत की है ॥

शरबत शिगुफा।

रूई के फूलों को गुलाबजल में औटावे जब आधा जल बचे तब उससे दूनी चीनी मिला शरबत बना ले, खेराज इसकी २ तोला रोज है ॥

शरबत सेवका।

मिश्री १ सेर, सेव ५ छटांक, गुलाबजल आध पाव, घिसा हुआ मलयागिर चंदन ३ तोला ॥

मिश्री की एक तारबन्द चाशनी करे। सेब को छील के खल में खूब कूट कपड़े में छान के अर्क निकाल मिश्री की चाशनी में डाल के पकावे फिर चन्दन मिला के थोड़ी देर आग पर रख उतार ले और उसमें गुलाबजल मिला के ठंढा कर बोतल में रख दे ॥

इसके सेवन से उन्माद, मूर्छा रोग का नाश होता है, माशी कारक है, पुष्ट है, उदर विकार को नाश करता है ॥

॥ प्रथम भाग समाप्त ॥